वार्षिक रिपोर्ट

Annual Report

1992-93

सत्यमेव जयते

भारतीय डाक विभाग

Department of Posts, India

विषय सूची

भाग 1 :	वार्षिक रिपोर्ट (1991-92)	
	पुनरीक्षा	3
	संगठन	7
	डाक प्रचालन	9
	डाक वित्त	16
	मानव संसाधन	20
भाग 2 :	वार्षिक रिपोर्ट (1992-93)	23

CONTENTS

Part 1 :	Annual Report (1991-92)	
	Overview	26
	Organisation	29
	Postal Operations	31
	Postal Finance	38
	Human Resources	42
Part 2 :	Annual Report (1992-93)	45
	Statistical Supplements	47

भाग - 1

वार्षिक रिपोर्ट

1991-92

पुनरीक्षा

समीक्षाधीन वर्ष की विशेषता यह रही कि इसमें डाक सेवाओं के आधुनिकीकरण पर बल दिया गया। पिछली रिपोर्ट में यह उल्लेख किया गया था कि विगत वर्षों में टेक्नालॉजी की शुरुआत में अपेक्षाकृत कम सक्रिय अवधि के बाद, वर्ष 1991-92 में आधुनिकीकरण के क्षेत्र में निश्चित लक्ष्य निर्धारित किए गए। टेक्नालॉजी की शुरुआत करने के कार्यक्रमों को दिशा देने व उन पर दृष्टि रखने के लिए संचार राज्य मंत्री द्वारा गठित स्टीयरिंग ग्रुप ने इस क्षेत्र में हुई प्रगति को मॉनीटर किया और मौजूदा तथा प्रस्तावित योजनाओं को आवश्यक प्रोत्साहन दिया। इस प्रकार, डाक सेवाओं में आधुनिकीकरण के लिए जिन क्षेत्रों का पता लगाया गया, उनमें वर्ष के दौरान संतोषजनक प्रगति परिलक्षित हुई।

डाकघर कम्प्यूटरीकरण

किसी डाक-मद पर देय डाक शुल्क, जो डाक-मद के वजन और श्रेणी पर निर्भर करता है, उसकी संगणना के लिए माइक्रो-प्रोसेसर में प्रोग्रेम्ड मेमोरी का प्रयोग करने से किसी काउन्टर पर लेन-देन पूरा करने में जितना समय लगता है, इससे उसे कम करने में मदद मिलती है। एक ही काउंटर से विभिन्न प्रकार के डाक कार्य सम्पादित करने का उद्देश्य पी.सी. पर आधारित बहुउद्देशीय काउंटर मशीन की अवधारणा से प्राप्त किया जा सकता है। कम्प्यूटर मेंटेनेन्स कारपोरेशन ऑफ इंडिया (सी.एम.सी) और ब्राडमा इंडिया लिमिटेड द्वारा ऐसी मशीनों के लिए हार्डवेयर तथा साफ्टवेयर विकसित किया गया था और इसका प्रारंभ वर्ष 1991 में मुख्य शहरों के 22 चुनिंदा डाकघरों में 102 मशीनें स्थापित करके किया गया था। इन मशीनों की कार्य-प्रणाली के फीडबैक से पता चलता है कि काउन्टर पर प्रतीक्षा समय कम करने और एक ही काउंटर पर विभिन्न प्रकार की सेवाएं प्रदान करने के अलावा इस मशीन पर कार्यरत एक आपरेटर सामान्यतः काफी बड़ी संख्या में लेन-देन करता है जबकि उस कार्य को हाथों से उतने ही समय के भीतर दो काउन्टर सहायकों द्वारा पूरा किया जाता है। इस प्रकार, इन मशीनों से उपभोक्ता संतुष्टि का तत्व भी निश्चित रूप से जुड़ा हुआ है। वर्ष 1992-93 में विभिन्न डाकघरों को 1000 अतिरिक्त कम्प्यूटरीकृत काउन्टर मशीनों की आपूर्ति के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की दो कंपनियों को आर्डर दिये गये हैं। आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान कम से कम ऐसी 5000 मशीनें स्थापित करने का विभाग का प्रस्ताव है।

दिल्ली सर्किल के 7 प्रधान डाकघरों में बचत बैंक कार्य के कम्प्यूटरीकरण की प्रगति भी संतोषजनक रही। गौरतलब है कि दिल्ली में पहली बार बचत बैंक कम्प्यूटरीकरण स्कीम सन् 1986 में शुरु की गई थी। कुछ प्रधान डाकघरों में पहले से प्रदान की गयी प्रणाली के उन्नयन सहित आठवीं पंचवर्षीय योजना में देश के कम-से-कम 21 प्रधान डाकघरों में इस कार्य का कम्प्यूटरीकरण करने का विचार है।

जहां तक डाक जीवन बीमा का संबंध है, कर्नाटक, महाराष्ट्र, तमिलनाडु और गुजरात सर्किलों में मौजूदा प्रणाली का इस सीमा तक उन्नयन करने का प्रस्ताव है जिससे अधिकाधिक डाक जीवन बीमा पालिसियों तथा लेन-देन से संबंधित कार्य बड़ी संख्या में हो सके। सन् 1994 तक शेष सभी सर्किलों

में पी.एल.आई. कार्य का कम्प्यूटरीकरण करने का प्रस्ताव है। इस प्रकार कम्प्यूटरीकरण का धीरे-धीरे विकास होने से स्टाफ उत्संस्करण, अनुकूल क्षमता, अधिक अभिप्रेरणा तथा उपभोक्ता संतुष्टि में वृद्धि होगी।

उल्लेखनीय है कि आधुनिकीकरण की सभी योजनाएं यूनियनों के साथ परामर्श करके कार्यान्वित की जाती हैं।

मशीनी छंटाई

पिछली रिपोर्ट में डाक विभाग और बेल्जियम की अल्काटेल बैल कम्पनी के बीच एक समझौते पर हुए हस्ताक्षर का उल्लेख किया गया था। इस समझौते के अन्तर्गत बंबई में एक ऑटोमैटिक इंटीग्रेटिड मेल प्रोसेसिंग सिस्टम की स्थापना की जानी थी। इस उपस्कर में दो कम्प्यूटरीकृत पत्र छंटाई मशीनें और नियंत्रण सुविधा सहित 6 स्यूट्स में 30 हस्तचालित कोडिंग डेस्क हैं। यह उपस्कर बंबई में प्राप्त हो गया है और स्थापित किया जा रहा है। इसके एक्सेपटिंग टैस्टिंग का कार्य चल रहा है। ऐसी संभावना है कि यह प्रणाली मार्च, 1993 तक स्थापित हो जाएगी। आठवीं पंचवर्षीय योजना में तीन प्रणालियां स्थापित करने का विचार है। दूसरी प्रणाली 1993-94 के दौरान मद्रास में स्थापित करने का प्रस्ताव है।

उपग्रह मनीआर्डर सेवा

सरकार ने उपग्रह संचार के जरिये मनीआर्डर भेजने के लिए 75 माइक्रो-अर्थ स्टेशन (वैरी स्मॉल एपीचर टर्मिनल्स वी.एस.ए.टी. भी कहा जाता है) स्थापित करने की योजना का अनुमोदन कर दिया है।

इस परियोजना को कार्यान्वित करने के लिए इलेक्ट्रॉनिकी विभाग सभी आवश्यक तकनीकी सहायता प्रदान करेगा। इस नई तकनीक से मनीआर्डर प्रचालन की लागत घटने की आशा है। इस प्रकार विकसित नेटवर्क विभाग को भविष्य में नवीन वैल्यू एडिड सर्विसेज जैसे इलेक्ट्रानिक मनी ट्रांसफर, जी.आई.आर.ओ., संदेश संचारण आदि शुरु करने में भी मदद देगा। इन सेवाओं में सरकार के लिए अतिरिक्त राजस्व जुटाने की भी पर्याप्त क्षमता है।

डाक-टिकट, मुहर और डाक मशीन

हमारे अधिकांश डाकघरों में अब 400 वस्तुएं प्रति मिनट निपटाने की क्षमता वाली उच्चगति की डाक विरूपण मशीनों के अलावा 150 वस्तुएं प्रति मिनट निपटाने की क्षमता वाली कम गति की डाक-टिकट विरूपण मशीनें कार्य कर रही हैं। ऐसी 60 मशीनों के सफल संचालन के प्रारंभिक प्रयोग के पश्चात् डाकघरों हेतु ऐसी 270 मशीनों की आपूर्ति का विभाग का प्रस्ताव है। विभाग ने विरूपण के लिए मशीन से खुदी स्टील की हाथ की मुहरों के निर्माण के आदेश दिये हैं। विभाग ने ठोस स्टील की एनग्रेव्ड मुहरों के निर्माण के लिए आर्डनेंस फैक्ट्री के महानिदेशक और हिन्दुस्तान टेलीप्रिंटर लि. से बातचीत की है। इलेक्ट्रॉनिक फ्रेंकिंग मशीनों के संबंध में विभाग ने इस देश की विभिन्न कम्पनियों द्वारा निर्मित 7 विभिन्न माडलों का अनुमोदन किया है। फ्रेंकिंग मशीन के कम्प्यूटरीकृत माडल के अनुमोदन की भी जाँच की जा रही है।

नेटवर्क का विस्तार

पिछली रिपोर्ट में आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान डाकघर खोलने के नये मानदंड लागू करने का उल्लेख किया गया था। डाकघर खोलने में तेजी लाने के लिए सरकार ने ऐसे डाकघर खोलने की शक्तियां सर्किल अध्यक्षों को प्रदान कर दी हैं जो मानदंडों को पूरा करते हैं। तथापि अब तक

चलाये गये डाक विस्तार कार्यक्रम का मूल्यांकन करना जरूरी है ताकि यह देखा जा सके कि ग्रामीण विकास में यह कहां तक प्रभावी रहा है और उन डाकघरों को भी बंद किया जा सके जिनसे विभाग को निरंतर घाटा हो रहा है। परंपरागत प्रणाली के स्थान पर नई प्रणाली प्रारंभ करने के प्रश्न पर भी विभाग ध्यान दे रहा है जिसके अंतर्गत लाइसेंसशुदा एजेंट ग्रामीण तथा शहरी दोनों क्षेत्रों में डाक कार्य कर सकते हैं।

एशिया प्रशांत डाक संघ (अप्पू)

एशिया प्रशांत डाक संघ की कार्यकारिणी परिषद् की बैठक 15 सितम्बर, 1992 से 21 सितम्बर, 1992 तक नई दिल्ली में सम्पन्न हुई। इस बैठक में विश्व के बदले हुए आर्थिक और व्यापारिक परिदृश्य के कारण अप्पू के सदस्य देशों के सामने आए मुख्य मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। वाशिंगटन सामान्य कार्य योजना के क्रियान्वयन के संबंध में सदस्य देशों द्वारा की गई प्रगति की भी समीक्षा की गई। नई दिल्ली संकल्प, सम्मेलन की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि थी जिसे विश्व डाक संघ के प्रति निष्ठा के समर्थन में सर्वसम्मति से पास कर दिया गया और यू.पी.यू. की परंपराओं को बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

साल सर्विस

सरफेस एअर लिफ्टिड (साल) डाक सेवा की शुरुआत अपने ग्राहकों की बढ़ती हुई मांग को पूरा करने के लिए विविध सेवाएं प्रदान करने और उन्हें अधिक से अधिक संतोष प्रदान करने के विभाग के संकल्प के अनुरूप है। आरंभ में "साल" सेवा भारत से चार अन्य देशों अर्थात्, यू.के., यू.एस.ए., जर्मनी और सिंगापुर के साथ शुरु करने का निर्णय लिया गया है। "साल" डाक एयर इंडिया द्वारा ले जाई जाएगी जिसने डाक भाड़े में 50 प्रतिशत छूट देना स्वीकार और भारतीय मुद्रा में भुगतान स्वीकार करना स्वीकार किया है। एयर इंडिया ऐसी डाक को सप्ताह में एक बार ले जाएगी। इस व्यवस्था से पारेषण समय में गुणात्मक अंतर आएगा। "साल" डाक सेवा प्रारंभ होने से पहले भारत से इन चार देशों के लिए भूतल डाक औसतन दो से तीन महीने में पहुंचती थी। नई सेवा से इन देशों के लिए भूतल डाक औसतन दस दिनों में पहुंचनी संभव हो सकेगी। "साल" मेल को प्रेषक देश से विनिमय कार्यालय तक और गंतव्य देश के विनिमय कार्यालय से वितरण केन्द्र तक भूतल डाक माना जाएगा लेकिन इसे दोनों देशों के बीच हवाई डाक से भेजा जाएगा। इस प्रयोग के सफल होने पर दूसरे देशों में इसका विस्तार किया जाएगा।

फिलैटली

इस अवधि में नियत डाक-टिकटों के साथ-साथ स्मारक डाक-टिकट जारी किए जाते रहे। इस अवधि में भारत छोड़ो आंदोलन की स्वर्ण जयंती, भारतीय वायुसेना की स्वर्ण जयंती तथा पक्षियों की लुप्त होती प्रजाति तथा दूसरे विभिन्न विषयों पर डाक-टिकट जारी किए गए जिन्होंने एक चित्ताकर्षक और विभिन्न विषयों का स्वस्थ संगम प्रस्तुत किया। डाक स्टेशनरी में सुधार लाने के प्रयासों के फलस्वरूप विभिन्न रंगों के अंतर्देशीय कार्ड तथा पोस्टकार्ड जारी किए गए। नए रंग काफी लोकप्रिए हुए। मशीनी प्रक्रिया के अधिक अनुरूप बनाने के लिए बड़े फार्मेट के ऐसे अंतर्देशीय पत्र-कार्ड भी शीघ्र तैयार किए जाएंगे जो सभी तरफ से बंद होंगे और इस प्रकार भारत में डाक के इतिहास में एक नये युग का सूत्रपात होगा। अत्याधिक उपभोक्ता संतुष्टि के लिए फिलैटलिक मदों के विविध उत्पादन के लिए कई अन्य कार्यक्रम हाथ में लिये गये हैं।

व्यय-राजस्व अंतर

वर्ष 1991-92 में विभाग का कुल

कार्यकारी व्यय 1162.15 करोड़ रु. था जिसकी तुलना में राजस्व-आय 947.87 करोड़ रुपये था। इस प्रकार अंतर 214.28 करोड़ रुपये रहा। हालांकि व्यय को नियंत्रित करने के प्रयास किये गए लेकिन दरों में संशोधन की अपेक्षा बेहतर प्रबंध द्वारा राजस्व की वृद्धि सुनिश्चित की गई । अपने कर्मचारियों की नियमित वेतन वृद्धि के बावजूद जून, 1990 से घरेलू डाक दरों में संशोधन नहीं किया गया है। तथापि, नवम्बर, 1991 के माह में विदेश डाक दरों में कुछ परिवर्तन किये गये थे। विभाग ने अनुकूल स्तर तक कार्य-क्षमता में सुधार करके घाटा कम करने के उद्देश्य से आधुनिकीकरण और संगठनात्मक सुधार पर जोर दिया है।

आठवीं पंचवर्षीय योजना

सरकार ने विभाग की आठवीं पंचवर्षीय योजना का अनुमोदन कर दिया है । इस योजना में टेक्नालॉजी पर मुख्य रूप से बल दिया गया है जिससे सातवीं योजना के दौरान प्रारंभ किये गये विभिन्न कार्यक्रमों को जारी रखकर तथा विस्तार करके सुनिश्चित किया जायेगा। सरकार ने संपूर्ण योजना अवधि के लिए 325 करोड़ रुपये के परिव्यय की मंजूरी दी है।

भविष्य के कार्यक्रम

यह सुनिश्चित करने के लिए कि तेजी से बदलती हुई परिस्थितियों का सामना करने के लिए तथा साथ ही डाक सेवाओं के प्रति बढ़ती जन आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए विभाग को पुनः स्फूर्तिवान बनाने के लिए संचार मंत्री ने मार्च, 1992 में एक सोशल ऑडिट पैनल का गठन किया। इस पैनल के अध्यक्ष भारत के भूतपूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री पी.एन. भगवती हैं। डॉ.एन.के. भास्कर राव इसके संयोजक सदस्य हैं । श्री खुशवंत सिंह, वाइस एडमिरल एस. चोपड़ा (सेवानिवृत्त), एयर चीफ मार्शल जे.के.सेठ (सेवानिवृत्त) तथा बी.जी. देशमुख, कैबिनेट सेक्रेटरी (सेवानिवृत्त) इस पैनल के सदस्य हैं। इस पैनल ने डाक सेवाओं की स्थिति के बारे में जनता के विचार जानने तथा उनमें सुधार हेतु सुझाव और विचार प्राप्त करने के लिए महानगरों तथा अन्य महत्वपूर्ण नगरों में 20 से अधिक ओपन हाउस आयोजित किये। पैनल ने डाक वितरण, स्पीड पोस्ट नैटवर्क के विस्तार, आधुनिकीकरण, एजेंसी कार्यों के आधुनिकीकरण तथा डाक सेवा बोर्ड के संगठन तथा कार्य से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की है। बोर्ड द्वारा इन रिपोर्टों की जाँच की जा रही है।

भारतीय डाकघर अधिनियम जो भारत में डाकघर को एक संवैधानिक आधार प्रदान करता है, लगभग 100 वर्ष पुराना है और समय-समय पर इसमें व्यापक परिवर्तन करने की आवश्यकता महसूस की गई है । अंतर्राष्ट्रीय डाक प्रणाली तथा देश के आर्थिक परिदृश्य में पर्याप्त परिवर्तन हुए हैं जिन्हें अधिनियम में परिलक्षित करने की आवश्यकता है। इसलिए, सरकार ने डाक सेवा बोर्ड के एक सेवानिवृत्त सदस्य, श्री गुरुचरण सिंह की अध्यक्षता में विभिन्न संबंधित मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों को सदस्य के रूप में शामिल करके भारतीय डाकघर अधिनियम, 1898 की जाँच और आवश्यक परिवर्तनों की सिफारिश करने के लिए एक समिति गठित की है। समिति ने अपना विचार-विमर्श पूरा कर लिया है और अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है।

भविष्य में डाक सेवाओं के विकास में सोशल ऑडिट पैनल के अलावा भारतीय डाकघर अधिनियम में परिवर्तन के लिए गठित समिति की सिफारिशों को ध्यान में रखा जाएगा। डाक विभाग जनता के प्रति अपनी कार्यकुशल और निःस्वार्थ सेवा भावना की अपनी परम्परा से आधुनिक भारत के सामाजिक आर्थिक परिवेश की चुनौतियों का सामना करने के लिए तत्पर है।

संगठन

तत्कालीन डाक-तार विभाग का विभाजन करने के पश्चात् जनवरी, 1985 में डाक विभाग का सृजन किया गया था। यह संचार मंत्रालय का एक अंग है। विचाराधीन अवधि के दौरान मंत्रालय श्री राजेश पायलट, संचार राज्य मंत्री के नियंत्रण में था। श्री पी.वी. रंगय्या नायडू, संचार उप-मंत्री थे। 18 जनवरी, 1993 को श्री सुखराम ने संचार राज्य मंत्री का पदभार सम्भाला।

मुख्यालय

विभाग की प्रबन्ध व्यवस्था डाक सेवा बोर्ड करता है, जिसमें एक अध्यक्ष और तीन सदस्य हैं। सचिव, डाक विभाग, डाक बोर्ड के अध्यक्ष हैं। वे महानिदेशक, डाक भी हैं। सदस्यों को प्रचालन, विकास और कार्मिक के कार्य सौंपे गए हैं। इसके अतिरिक्त एक वित्तीय सलाहकार भी हैं। बोर्ड की सहायता के लिए सचिव, डाक सेवा बोर्ड हैं। डाक महानिदेशक में सोलह उप महानिदेशकों की सहायता से बोर्ड देश में डाक सेवाओं के प्रबन्ध का निर्देशन और पर्यवेक्षण करता है।

सर्किल

विभाग के प्रचालन दायित्वों को निभाने के विचार से पूरे देश को 19 सर्किलों में बांटा गया है। एक सर्किल में एक अथवा एक से अधिक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र शामिल होते हैं। सर्किल के अध्यक्ष मुख्य पोस्टमास्टर जनरल होते हैं। सर्किलों को सामान्यतः क्षेत्रों में बांटा गया है। इन क्षेत्रों में डाक डिवीजनों के अनेक ग्रुप हैं। क्षेत्र में मुख्य पोस्टमास्टर जनरल को उच्चस्तरीय प्रबन्ध सहायता प्रदान करने के लिए प्रत्येक क्षेत्र में एक पोस्टमास्टर जनरल है। सर्किलों के अतिरिक्त बम्बई, कलकत्ता, दिल्ली और मद्रास स्थित क्षेत्रीय डाक योजना इकाइयां पोस्टमास्टर जनरल के स्तर के नियंत्रकों के अधीन हैं। नियंत्रक डाक प्रचालनों के कार्य में बेहतर व्यावसायिकता लाते हैं। सर्किल में मेल डिवीजन, स्टोर डिपो, स्टैम्प डिपो और मेल मोटर सेवा जैसे अन्य कार्यात्मक डिवीजन और यूनिटें हैं।

भारतीय डाकघरों की मुख्य डाकघर, उप डाकघर और शाखा डाकघरों जैसी श्रेणियां हैं। शाखा डाकघर अधिकतर अतिरिक्त विभागीय डाकघर हैं तथा ये ग्रामीण क्षेत्रों में हैं। उप डाकघर अधिकतर विभागीय डाकघर हैं। मुख्य डाकघरों को उनके आकार के अनुसार पाँच श्रेणियों में बांटा गया है। इनमें से सबसे बड़े डाकघर, मुख्य डाकघर, बम्बई और मुख्य डाकघर, कलकत्ता हैं। इनके बाद मद्रास, दिल्ली, अहमदाबाद, बेंगलूर, कानपुर, लखनऊ और देश के अन्य बड़े शहरों में स्थित मुख्य डाकघरों का स्थान है।

सेना डाक सेवा के अध्यक्ष मेजर जनरल होते हैं, जिन्हें अपर महानिदेशक, सेना डाक सेवा का पदनाम दिया गया है। उन्हें मुख्य पोस्टमास्टर जनरल, सेना डाक सेवा सर्किल भी कहा जाता है।

स्थिति

31 मार्च, 1992 की स्थिति के अनुसार, डाक सेवा बोर्ड में श्री एस.पी. गुलाटी, सचिव (डाक), महानिदेशक, डाक और अध्यक्ष, डाक सेवा बोर्ड, श्री एस.के.एन. नायर, सदस्य (वित्त), दूरसंचार आयोग जो डाक सेवा बोर्ड में सदस्य (वित्त) का कार्य देख रहे थे और श्री एल.डी. बोनेल, सदस्य (कार्मिक) थे। श्री एस.पी. गुलाटी के सेवानिवृत्त होने पर श्री एल.डी. बोनेल ने दिनांक 01-06-1992 को सचिव (डाक) का पदभार ग्रहण किया तथा 31.10.1992 को अपनी सेवानिवृत्ति तक इस पद पर आसीन रहे। श्री एस.के. पार्थसारथी जो 11.06.92 से सदस्य (कार्मिक) के रूप में काम कर रहे थे, उन्होंने 31.10.1992 को सचिव (डाक) का पदभार ग्रहण किया और अभी भी इसी पद पर आसीन हैं। फिलहाल बोर्ड में श्री एम.एस. राघवन, सदस्य (कार्मिक) हैं, श्री टी.ई.रमन, सदस्य (प्रचालन) और श्री एस.आर.फारूकी, सदस्य, (विकास) हैं। श्री वाई.एल. राजवाड़े, सचिव, डाक सेवा बोर्ड हैं। श्री जी.एस. राजामणि, वित्तीय सलाहकार डाक विभाग हैं तथा बोर्ड के स्थायी आमंत्रित सदस्य हैं।

अन्तर्राष्ट्रीय डाक सम्बन्ध

यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन (यू.पी.यू.) और एशियन पैसिफिक पोस्टल यूनियन (ए.पी.पी.यू.) के सदस्य के रूप में अन्तर्राष्ट्रीय डाक मामलों में भारत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा। इन दोनों संगठनों में भारत का महत्वपूर्ण स्थान है, यथा-यू.पी.यू. के अन्तर्गत वाशिंगटन सामान्य कार्य योजना के कार्यान्वयन के लिए डाक अध्ययन की सलाहकार परिषद् (सी.सी.पी.एस.) की समिति -7 का अध्यक्ष और तकनीकी सहयोग तथा एशियन पैसिफिक पोपुलेशन (ए.पी.पी.यू.) की सहायता विषयक स्थायी समिति का अध्यक्ष है। सी.सी.पी.एस. के सदस्य के रूप में भारत सी.सी.पी.एस. द्वारा किए जा रहे विभिन्न अध्ययनों से घनिष्ठ रूप से सम्बद्ध है। सी.सी.पी.एस. की समिति -7 के अध्यक्ष के रूप में भारत संचालन समिति का भी सदस्य है। सी.सी.पी.एस. द्वारा किए जा रहे विभिन्न अध्ययनों की प्रगति पर समिति विचार-विमर्श करती है तथा इसके कार्य की

भविष्य की प्रक्रिया का मार्गदर्शन करती है। यू.पी.यू. के सदस्य देशों के लिए भारत ने वरिष्ठ डाक प्रबंध पाठ्यक्रम आयोजित किया (18 नवम्बर, 1991 से 14 दिसम्बर, 1991 तक) । अफगानिस्तान, बंगलादेश, भूटान, चीन, फिजी, इंडोनेशिया, म्यांमार, नेपाल, पाकिस्तान, पपुआ न्यू गिनी, फिलीपिन्स, श्रीलंका और थाईलैंड के प्रतिनिधियों ने इस पाठ्यक्रम में भाग लिया ।

डाक विभाग ''सार्क'' की गतिविधियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है । श्री विवेक कौल, सहायक महानिदेशक काठमांडू (11-12 जून, 1991) में डाक सेवाओं के संबंध में हुई तकनीकी समिति की दसवीं बैठक में शामिल हुए । श्री एस.एस. राय, निदेशक (डाक) अप्रैल, 1991 में पाकिस्तान द्वारा आयोजित एक सार्क अध्ययन भ्रमण ''नई डाक और वित्तीय सेवाएं'' में शामिल हुए । श्री वाई.पी.एस. मोहन जून, 1991 में श्रीलंका में सार्क देशों के ''डाकप्रचालन और भविष्य की चुनौतियों'' पर सेमिनार में शामिल हुए । पोस्टल स्टाफ कॉलेज, भारत में सार्क सदस्य देशों के लिए 4-10 मार्च, 1991 तक ''ग्राहकों की देखरेख'' पर एक सार्क कार्यशाला आयोजित की गई । श्री के.बी.एच. नायर, प्राचार्य, डाक प्रशिक्षण केन्द्र, सहारनपुर जून, 1991 में संयुक्त राज्य अमेरिका में यू.पी.यू. द्वारा प्रायोजित सलाहकार मिशन के अन्तर्गत डाक सुरक्षा पाठ्यक्रम में शामिल हुए। श्री विनीत पांडे 28 अक्तूबर, 1991 से 8 नवम्बर, 1991 तक ब्रेमेन (जर्मनी) में यू.पी.यू. द्वारा प्रायोजित सलाहकार मिशन के अन्तर्गत इलेक्ट्रॉनिक डाक पर एक प्रायोगिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम और अध्ययन भ्रमण में शामिल हुए ।

डाक प्रचालन

प्रस्तावना

डाक प्रचालन का प्रायः एक ही कार्य समझा जाता रहा है, पत्रों का एक स्थान से दूसरे स्थान पर वितरण करना । वास्तव में यह कार्यों के अन्तः संबंधों की बहुरंगी कड़ी है, जैसे पंजीकरण, मनीआर्डर, स्पीड पोस्ट, डाक-डिकटों की बिक्री, पोस्टल ऑर्डर आदि। इस प्रचालन की सफलता अक्सर परिवहन क्षेत्र की दूसरी एजेंसियों जैसे एयरलाइन, रेलवे, रोडवेज, शिपिंग आदि पर निर्भर करती है । डाकघर दूसरे मंत्रालयों/विभागों के कार्य, जैसे बचत बैंक और डाक जीवन बीमा आदि केकार्य भी करता है जो एजेंसी कार्य के नाम से जाने जाते हैं ।



डाक नेटवर्क का विस्तार

तीव्र आर्थिक विकास और सामाजिक प्रगति के लिए एक कुशल डाक प्रणाली आवश्यक है । भारत ने इस क्षेत्र में काफी प्रगति की है और इसका डाक नेटवर्क विश्व के सबसे बड़े डाक नेटवर्कों में से एक है । 31.3.92 तक देश में 150346 डाकघर थे जिनमें से 134122 ग्रामीण क्षेत्रों में थे। 1991 की जनगणना के अनुसार एक डाकघर औसतन 21.9 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र और 5827 जनसंख्या वाली आबादी को सेवा प्रदान करता था । 1991-92 के दौरान 2068 अतिरिक्त विभागीय शाखा डाकघरों और 21 विभागीय उप डाकघरों की मंजूरी दी गई ।

सेवाएं

प्रदत्त की जाने वाली डाक सेवाएं

डाक सेवाएं

जैसे पत्र, इसमें निम्नलिखित सम्मिलित हैं: लिफाफे, लेटर-कार्ड, पोस्टकार्ड बुक पैकेट, न्यूजपेपर, पैकेट पार्सल

इनका वर्गीकरण निम्नानुसार किया गया है:

साधारण डाक
पोस्टिंग सर्टिफाइड
आर्डीनरी मेल
रजिस्ट्रेशन
वैल्यूपेएबल
बीमा
स्पीड पोस्ट

धन अंतरण सेवाएं

जैसे मनीआर्डर
पोस्टल आर्डर

अन्य सेवाएं,

अर्थात् बचत बैंक
डाक जीवन बीमा
तार
टेलीफोन पब्लिक काल आफिसेज़
टेलीफोन रेवेन्यू कलेक्शन
पासपोर्ट आवेदन पत्र
केन्द्रीय भर्ती शुल्क टिकट

डाक मात्रा

वर्ष के दौरान 3191 मिलियन अंतर्देशीय गैर-पंजीकृत डाक मदों का निपटान किया गया, जिसमें 2716 मिलियन पत्र, 435 मिलियन पैकेट और 40 मिलियन पार्सल सम्मिलित हैं। अंतर्देशीय पंजीकृत डाक की संख्या 296 मिलियन है ।

डाक विभाग ने वर्ष के दौरान 105.6 मिलियन मनीआर्डरों के भुगतान किए जिनका कुल योग 25872 मिलियन रुपए था । पोस्टल आर्डर के जरिए कुल 287.7 मिलियन रुपयों का भुगतान किया गया ।

1982-83 से डाक परियात
(राजस्व में समायोजित)



मदवार डाक परियात



स्पीड पोस्ट

वर्ष 1991-92 में गुड़गांव (हरियाणा) में एक काउंटर खोला गया जिससे राष्ट्रीय नेटवर्क के अंतर्गत स्पीड पोस्ट एक्सटेंशन काउंटरों की संख्या बढ़ गई । जो ग्राहक दो विशेष शहरों के बीच डाक का प्रेषण चाहते थे, उनकी आवश्यकताएं पूरी करने के लिए प्वाइंट टू प्वाइंट स्पीड पोस्ट सेवा में 214 युग्म स्टेशन जोड़े गए । इसी प्रकार भारत भर में विस्तृत नेटवर्क के साथ विशेष वितरण व्यवस्था के द्वारा समष्टि ग्राहकों की मांगें पूरी करने के लिए निजीकृत स्पीड पोस्ट ठेका सेवा का विस्तार किया गया। 1.4.91 से मलावी, साइप्रस, कनाडा, इथोपिया, न्यूजीलैंड और सूडान के साथ अंतर्राष्ट्रीय स्पीड पोस्ट सम्पर्क स्थापित किए गए ।

पुनरीक्षाधीन वर्ष के दौरान स्पीड पोस्ट परियात में 35.80% की वृद्धि हुई । स्पीड पोस्ट राजस्व में पिछले वर्ष की तुलना में 59.71% की वृद्धि हुई ।

वर्ष 1992-93 के दौरान स्पीड पोस्ट निम्नलिखित लक्ष्य प्राप्त करने का प्रयास करेगी:-

(क) वस्तुओं के वितरण की तत्काल सूचना पुष्टि, शिकायतें/धन वापसी के दावे और बेहतर ग्राहक संबंध बनाने के लिए कम्प्यूटरीकृत और मैनुअल ट्रैक एण्ड ट्रेस प्रणाली की स्थापना.....

(ख) वितरण में विलंब होने की दशा में स्पीड पोस्ट फीस की पूरी वापसी करना ।

(ग) डाक अवकाश (राष्ट्रीय अवकाश) स्पीड पोस्ट वस्तुओं का वितरण ।

(घ) स्पीड पोस्ट नेटवर्क की विस्तार योजना का विकास; और

(ङ) सभी स्पीड पोस्ट केन्द्रों द्वारा मानक स्पीड पोस्ट फार्मों का प्रयोग।

स्पीड़ पोस्ट परियात



प्रौद्योगिकी अधिष्ठापन

डाक छंटाई का मशीनीकरण डाक विभाग में प्रौद्योगिकी अधिष्ठापन के लिए महत्वपूर्ण क्षेत्रों में से एक है। हाल ही में बंबई महानगर के लिए आवक और जावक डाक की मशीन द्वारा छंटाई की योजना विकसित की गयी थी। दिनांक 1.1.92 को स्वचालित एकीकृत डाक छंटाई प्रणाली की आपूर्ति, संस्थापन और चालू करने के संबंध में विभाग द्वारा बेल्जियम की अल्काटेल बैल के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। इस मशीन को मार्च, 1993 के अंत तक चालू किए जाने की संभावना है।

पिछले वर्ष संस्थापित की गई पी.सी. पर आधारित बहुउद्देशीय काउंटर मशीनों के प्रयोग और मूल्यांकन के आधार पर विभाग द्वारा ऐसी और मशीनें संस्थापित करने का निर्णय लिया गया था। विभिन्न राज्यों के डाकघरों में 1000 और काउंटर मशीनों की आपूर्ति के लिए भारत में सार्वजनिक क्षेत्र की दो कंपनियों को आर्डर दिए गए हैं।

इन महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों के अतिरिक्त डाक प्रचालनों के उन अन्य क्षेत्रों के लिए प्रयास किए जा रहे हैं, जहां सेवाओं में सुधार के लिए सूचना प्रौद्योगिकी का पूर्ण उपयोग किया जा सकता है।

मेल मोटर सेवा

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान देश के 90 स्टेशनों में विभागीय मेल मोटर सेवा कार्यरत रही। बेड़ों के सुधार और डाक लाने और ले जाने में कुशलता बनाए रखने के लिए मौजूदा वाहनों को बदलने के लिए 21 नए वाहन खरीदे गए।

वर्ष 1991-92 के अंत तक मेल मोटर के बेड़े की कुल संख्या 1103 थी और बेड़े द्वारा कुल 190 लाख किलोमीटर की दूरी दय की गई।

प्रणाली में परिवर्तन

मेल बाक्स योजना

विभाग को बहुमंजिला भवनों में डाक के वितरण की व्यवस्था करने में कठिनाई हो रही है क्योंकि उनकी संस्था न केवल बड़े शहरों में बल्कि, मध्यम आकार के नगरों में भी बढ़ रही है। डाकिए को पूरी डाक के साथ एक के बाद दूसरी अनेक सीढ़ियां चढ़नी पड़ती हैं। इससे डाकिए को डाक बांटने में विलंब होता है। अतः, यह आवश्यक हो गया कि गैर-पंजीकृत डाक को हरेक दरवाजे पर वितरित करने की परम्परा समाप्त की जाए, उसके लिए बहुमंजिला भवनों के भूतल पर व्यवस्था की जाए; जो अन्य तलों पर रहते हैं वे भूतल पर मेल बॉक्स उपलब्ध कराएं, जो हर व्यक्ति या पते के लिए पृथक अथवा एक से अधिक पतों के लिए संयुक्त रूप में हो सकते हैं। भारतीय डाकघर अधिनियम की धारा 21 के अधीन 29 मई, 1991 को एक विधिक आदेश जारी किया गया और निम्नलिखित श्रेणियों की डाक को इस आदेश की परिधि में लाया गया।

- पत्र डाक अर्थात् लिफाफा, अंतर्देशीय पत्र कार्ड, पोस्टकार्ड और एयरोग्राम
- बुक, पैटर्न और नमूना पैकेट
- पावती कार्ड
- पंजीकृत समाचार-पत्र

यह आदेश 1 जनवरी, 1992 से लागू किया जाना था। किन्तु, मुख्य पोस्टमास्टर जनरल को यह अधिकार दिया गया था कि इस तारीख के पश्चात् परिस्थितिवश आवश्यक होने पर डाक का वितरण किसी भी स्टेशन पर परंपरागत ढंग से जारी रखा जा सकता है।

रात्रि डाकघर में विलंब शुल्क

रात्रि डाकघर जनता के लिए विशेष सुविधा है। विभाग यह अतिरिक्त सुविधा उपलब्ध कराने के लिए रात्रि डाकघरों के प्रचालन पर अतिरिक्त व्यय करता है। रात्रि डाकघर में निर्धारित घंटों के दौरान दी गई डाक के लिए विलंब शुल्क वसूल किया जाता है। अब साप्ताहिक दिनों और अवकाश तथा रविवार के दिनों में बढ़ाए गए घन्टों में दी गई गैर-पंजीकृत और पंजीकृत डाक पर विलंब शुल्क देना होगा। यह फीस समय-समय पर निर्धारित शुल्क दरों के अनुसार होगी।

डाक मदों का बीमा

बीमा की सीमा 14 सितम्बर, 1991 से 10,000 रु. से बढ़ाकर 20,000/- रु. कर दी गई थी।

फिलैटली

इक्यावन (51) स्मारक/विशेष डाक-टिकट जारी किए गए थे, जिनमें से एक डॉ. बी.आर. अम्बेडकर के सम्मान में 14 अप्रैल, 1991 को और भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री राजीव गांधी पर स्मारक टिकट 20 अगस्त, 1991 को जारी किया गया। चार बहुरंगीय डाक-टिकटों का एक सेट जनजातीय नृत्यों पर जारी किया गया। आस्ट्रियन कम्पोज़र मोज़ार्ट पर डाक-टिकट अधिक लोकप्रिय हुआ। पूरे देश में फिलैटिस्टों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए देश में अब 50 फिलैटलिक ब्यूरो और 171 फिलैटलिक काउंटर हैं। दिनांक 24.1.92 को रायपुर में नया ब्यूरो खोला गया।

वर्ष के दौरान विभाग ने हैदराबाद, आंध्र प्रदेश और पटना, बिहार में सर्किल स्तर की फिलैटलिक प्रदर्शनियाँ आयोजित की थीं। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विभाग ने अगस्त, 1991 में बैंकाक में, मार्च, 1992 में मांट्रियल में, 8 अगस्त से 29 अगस्त, 1991 तक पेरू में और 21 अक्तूबर से 25 अक्तूबर, 1991 तक बोन में आयोजित प्रदर्शनियों में भाग लिया।

सभी प्रकार की बचतों, बचत पत्रों सहित बकाया इतिशेष



एजेन्सी सेवाएं

डाकघर बचत बैंक

डाकघर बचत बैंक, वित्त मंत्रालय की ओर से निम्नलिखित स्कीम चलाता है:-

बचत खाता

आवर्ती जमा खाता

सावधि जमा खाता

राष्ट्रीय बचत खाता योजना

मासिक आय खाता योजना

लोक भविष्य निधि

इन्दिरा विकास पत्र

किसान विकास पत्र

राष्ट्रीय बचत प्रमाण पत्र आठवां निर्गम

दिल्ली के प्रधान डाकघरों में बचत बैंक कम्प्यूटरीकरण योजना आरंभ की गई है और आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान देश के महत्वपूर्ण शहरों के चुनिन्दा प्रधान डाकघरों में योजना का विस्तार करने का प्रस्ताव है ।

डाक जीवन बीमा

डाक जीवन बीमा द्वारा निम्नलिखित चार प्रकार की पालिसियां प्रदान की जाती हैं:-

- आजीवन बीमा
- परिवर्तित आजीवन बीमा
- बंदोबस्ती बीमा
- प्रत्याशित बंदोबस्ती बीमा 15 वर्ष और 20 वर्ष

पिछले वर्ष 16, 91, 754 पालिसियों पर 2567.85 करोड़ रुपए का कारोबार किया गया, जबकि वर्ष 1991-92 में यह बढ़कर 18,04,307 पालिसियों पर 3092.34 करोड़ रुपए हो गया । 31.3.92 की स्थिति के अनुसार गुजरात सर्किल में सबसे अधिक 2,68,559 पालिसियां थीं । वर्ष 1991-92 में 1,59,959 पालिसियों द्वारा 558.48 करोड़ रुपए का नया कारोबार किया गया, जो पिछले वर्ष के 1,56,358 पालिसियों के 476.27 करोड़ रुपए की तुलना में अधिक है। गुजरात और कर्नाटक सर्किल ने क्रमशः 115.68 करोड़ रुपए और 55.60 करोड़ रुपए के नए कारोबार की वृद्धि की ।

बीमाकृत राशि की अधिकतम सीमा एक लाख रुपए से बढ़ाकर 2 लाख रुपए की गई।

(ग्राफ पृष्ठ 14 और 15 पर देखें)

कुल पालिसियों की संख्या

(दस लाख में)



वर्ष

कुल बीमाकृत राशि

(दस लाख रु. में)



वर्ष

जीवन बीमा निधि

(दस लाख रु. में)



ग्राहक की संतुष्टि

वर्ष के दौरान 669950 जन शिकायतें प्राप्त हुई और पिछले वर्ष में प्राप्त हुई 682599 शिकायतों की जांच की गई । शिकायतों की दर कुल परियात का 0.00484% थी, जबकि पिछले वर्ष की दर 0.00461% थी ।

विपणन और वाणिज्यिक प्रचार

डाक विभाग ने ग्राहक संतुष्टि के लिए बाज़ार उन्मुखी मार्ग अपनाया है । ग्राहकों की आवश्यकताएं निर्धारित करने और उन्हें अपेक्षित सेवाएं प्रदान करके संतुष्ट करने का प्रयास करने, पहले से मौजूदा सेवाओं और उपलब्ध कराई जाने वाली नई सेवाओं का प्रचार करने के लिए डाक महानिदेशालय में मार्केटिंग डिवीजन स्थापित किया गया है । जनता और हमारे कर्मचारियों की नजर में विभाग की छवि उजागर करने के लिए कार्पोरेट आइडेंटिटी योजना आरंभ की गई है।

विभाग ने अपनी वाणिज्यिक प्रचार स्कीम के माध्यम से 1.30 करोड़ रुपए के विज्ञापन प्राप्त किए । अतः इस स्कीम से वर्ष 1990-91 में अर्जित राजस्व की तुलना में 73 लाख रुपए की वृद्धि हुई ।

पुनःप्रेषण पत्र

वर्ष 1991-92 के दौरान विभाग के 15 पुनः प्रेषण कार्यालयों द्वारा जो गैर-वितरित डाक का हिसाब रखते हैं, 31.2 मिलियन पत्रों का निपटान किया गया; उनमें से 57% पत्रों के पतों में सुधार करके उन्हें पाने वाले तक पहुंचाया गया और 26% पत्रों को उनका पता सुनिश्चित करने के बाद भेजने वाले के पास भेज दिया गया ।

डाक परिसर

विभाग ने वर्ष 1991-92 के दौरान भवन निर्माण संबंधी गतिविधियों पर 29.89 करोड़ रुपए की राशि खर्च की । इस रकम में से 27.72 करोड़ रुपए कार्यालय भवनों के निर्माण पर और 2.17 करोड़ रुपए भूमि अधिग्रहण पर खर्च किए ।

वर्ष 1991-92 के दौरान, विभाग ने 82 कार्यालय भवनों, 203 स्टाफ क्वार्टरों और एक निरीक्षण क्वार्टर का निर्माण कार्य सम्पन्न किया तथा 82 कार्यालय भवनों, 169 स्टाफ क्वार्टरों और 2 निरीक्षण क्वार्टरों का नई परियोजनाओं के रूप में निर्माण कार्य आरंभ किया ।

डाक वित्त

वर्ष 1991-92 का कुल राजस्व 947.87 करोड़ रुपए था, जोकि पिछले वर्ष के 840.85 करोड़ रुपए की तुलना में 107.02 करोड़ रुपए (लगभग 12.7%) अधिक था। यह वृद्धि मुख्य रूप से बहुत अच्छा वित्तीय प्रबंध तथा आंशिक रूप से 1 नवम्बर, 1991 से प्रभावी विदेश डाक प्रभार के शुल्क में वृद्धि के कारण हुई।

वर्ष 1991-92 का कुल कार्यकारी-व्यय 1162.15 करोड़ रुपये था, जोकि 1991-92 के संशोधित प्राक्कलन में दर्शाये गए अनुमानित व्यय 1175.00 की तुलना में 12.85 करोड़ रुपए कम था और दूसरा मुख्य कारण आर्थिक मानदंडों का सख्ती के साथ कार्यान्वयन था। तथापि, यह 1990-91 के वास्तविक व्यय 1032.50 करोड़ रुपये की तुलना में 129.65 करोड़ रु. अधिक था। यह वृद्धि 1.4.86 से पूर्व प्रभावी संशोधित दरों के परिणामस्वरूप और यह भी मुख्यतः रेलवे को बकाया ढुलाई-खर्च के भुगतान से हुई। भारत सरकार द्वारा मंहगाई भत्ते की किश्तों की उच्चतर दरों तथा सामान्य मूल्यवृद्धि से व्यय पर अतिरिक्त बोझ पड़ा।

वर्ष 1991-92 का डाक-सेवाओं का राजस्व-घाटा 1990-91 के 191.65 करोड़ रुपए तथा 255 करोड़ रुपए (संशोधित प्राक्कलन 1991-92) की तुलना में 214.28 करोड़ रुपए था।

राजस्व तथा व्यय 1991-92
(वर्ष 1990-91 की तुलना में)

(करोड़ रुपए में)

ब्यौरे	1990-91	1991-92	पिछले वर्ष में परिवर्तित प्रतिशत
राजस्व			
डाक-टिकटों की बिक्री	511.66	569.91	11.38
नकद वसूल किया गया डाक शुल्क	173.18	201.31	16.24
मनीआर्डर और भारतीय पोस्टल आर्डर से प्राप्त कमीशन	110.46	126.11	14.16
अन्य प्राप्तियाँ	45.55	50.54	10.95
कुल	**840.85**	**947.87**	**12.72**
व्यय			
सामान्य प्रशासन	83.28	90.79	9.01
प्रचालन	905.49	1042.76	15.16
एजेंसी सेवाएं	46.31	54.84	18.42
अन्य	273.18	318.36	16.54
कुल सकल व्यय	1308.26	1506.75	15.17
वसूलियाँ घटाकर	275.76	344.60	24.96
निवल व्यय	**1032.50**	**1162.15**	**12.56**

महत्वपूर्ण वर्गों का सकल व्यय निम्न प्रकार से है :

वेतन एवं भत्ता, आकस्मिक व्यय और अन्य मदें	1004.60	1104.57	9.95
पेंशन संबंधी प्रभार	150.31	182.28	21.26
लेखा एवं लेखा-परीक्षा	30.88	33.30	7.83
डाक-टिकट तथा पोस्टकार्ड आदि	34.77	38.81	11.61
लेखन सामग्री एवं मुद्रण आदि	23.41	27.38	16.95
परिसंपत्ति इत्यादि का रखरखाव	1.49	7.35	393.28
मूल्यह्रास	5.40	6.00	11.11
छुटपुट कार्य	1.48	1.68	13.51
डाक की ढुलाई (रेलवे तथा एयर मेल कैरियर का भुगतान)	55.92	105.38	88.45
कुल	**1308.26**	**1506.75**	**15.17**

पोस्टकार्ड



पत्र



मानव संसाधन

मानव शक्ति

इस विभाग के कार्मिक ही भारतीय डाक प्रणाली के सबसे मुख्य संसाधन रहे हैं । 31.3.92 की स्थिति के अनुसार कर्मचारियों की कुल संख्या 5.96 लाख थी, इनमें 3.05 लाख अतिरिक्त विभागीय कर्मचारी हैं, जिनका बहुत बड़ा भाग गांवों में डाक सेवाएं प्रदान करता है ।

प्रशिक्षण कार्यक्रम

विभाग के प्रशिक्षण-संस्थानों में (क) पोस्टल स्टाफ कॉलेज, भारत, गाजियाबाद तथा (ख) सहारनपुर, मैसूर, वड़ोदरा, दरभंगा तथा मदुरै में स्थित डाक-प्रशिक्षण केन्द्र हैं ।

पोस्टल स्टाफ कॉलेज, भारतीय डाक सेवा और भारतीय डाक-तार वित्त एवं लेखा सेवा के सीधी भर्ती द्वारा आए अधिकारियों को प्रवेश प्रशिक्षण प्रदान करता है । इसके अलावा यह प्रबंधकीय/ कार्यकारिणी विकास कार्यक्रमों तथा पोस्टल एग्जीक्यूटिव्ज के लिए विशेष पाठ्यक्रम का आयोजन करता है । यह द्विपक्षीय व्यवस्था के अंतर्गत या यू.एन.डी.पी./यू.पी.यू. आदि जैसी अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों की प्रायोजकता के अंतर्गत विदेश डाक प्रशासन के अधिकारियों के लिए भी कार्यक्रम आयोजित करता है । 1991-92 के दौरान इसने 15 प्रवेश तथा सेवाकालीन प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों का आयोजन किया । इनमें "डाक पारेषण", "डाक संपदा प्रबंध प्रशिक्षण कार्यक्रम" तथा "जनसंपर्क तथा विपणन का प्रबंध-समालोचना पाठ्यक्रम" पर आयोजित कार्यशालायें भी शामिल हैं । अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभागियों के लिए दो महत्वपूर्ण पाठ्यक्रम आयोजित किए गए (क) पहला "वरिष्ठ डाक प्रबंध" पर यू. पी. यू. द्वारा प्रायोजित पाठ्यक्रम था जो 18.11.91 से 14.12.91 तक आयोजित किया गया और जिसमें 13 देशों के 17 प्रतिभागियों ने भाग लिया (ख) "ग्राहक की देख-रेख" पर 4.3.92 से 10.3.92 तक एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें 6 सार्क देशों के 8 प्रतिभागियों ने भाग लिया । पोस्टल स्टाफ कॉलेज, भारत, गाजियाबाद ने हरे-भरे तथा प्रदूषणमुक्त वातावरण के निर्माण को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से परिसर में एक व्यापक वृक्षारोपण कार्यक्रम भी अपनाया।

डाक प्रशिक्षण केन्द्र (पी.टी.सी.) निरीक्षकों /पर्यवेक्षकों/डाक सहायकों/ छंटाई सहायकों की प्रशिक्षण आवश्यकताओं की पूर्ति का प्रबंध करता है । इन प्रशिक्षण केन्द्रों में उन कर्मचारियों के लिए भी प्रवेश प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं जो उच्चतर प्रबंधकीय स्तर के पदों पर पदोन्नत हो गए हैं ।

वर्ष 1991-92 के दौरान डाक प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा कुल 14206 पदाधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जब संभव होता है प्रशिक्षण हिन्दी तथा प्रादेशिक भाषाओं में देने का ध्यान रखा जाता है ।

द्विवार्षिक संवर्ग पुनरीक्षा

यह स्मरणीय है कि विभाग ने वर्ष 1983 में अपने मूल प्रचालनात्मक संवर्गों में समयबद्ध एक पदोन्नति योजना शुरु की थी। द्विवार्षिक संवर्ग पुनरीक्षा द्वारा समूह "ग" और समूह "घ" के प्रचालन संवर्गों में सभी कर्मचारियों के सेवाकाल में बढ़े हुए कार्य संतोष और अधिक उत्पादकता के दोहरे उद्देश्य को लेकर दूसरी समयबद्ध पदोन्नति सुनिश्चित करने की योजना तैयार की गई और इस वर्ष कार्यान्वित की गई । इस योजना में समूह "ग" के लगभग 35,000 और समूह "घ" के लगभग 9,000 कर्मचारी शामिल हैं ।

समयबद्ध एक पदोन्नति योजना का लाभ, अ.श्रे.लि./उ.श्रे.लि. संवर्गों के डाक सहायकों, एस.बी.सी.ओ. में परिवर्तित हो जाने के द्वारा एस.बी.सी.ओ. स्टाफ को भी प्रदान किया गया।

स्टाफ संबंध

विभाग अपने स्टाफ की समझदारी और सहभागिता का सम्मान करता है और उनके प्रबंध-ज्ञान तथा इसकी नीतियों का समर्थन करता है । इस प्रकार के संबंध विभाग के विकास से संबंधित हमारी योजनाओं और विभाग के मानव संसाधनों की समृद्धि के लिए अति महत्वपूर्ण हैं । विभाग अपनी मौजूदा समस्याओं और भविष्य की कार्य योजनाओं की रूपरेखा के बारे में परामर्श और पुनरीक्षा के लिए कर्मचारी यूनियनों की तीन फेडरेशनों तथा उनके घटकों और फेडरेशनों से असम्बद्ध यूनियनों और एसोसिएशनों को भी शामिल करता रहा है।

विभाग का तीन फेडरेशनों तथा कर्मचारियों और अतिरिक्त विभागीय एजेंटों की 27 यूनियनों/एसोसिएशनों के साथ अर्थपूर्ण संबंध हैं। डाक विभागीय परिषद् (जे.सी.एम.) की दो बैठकों के अलावा इसकी स्थायी समिति की 11 बैठकें हुईं । अतिरिक्त विभागीय एजेंटों के लिए एक नई विभागीय समिति का गठन किया गया और इसकी पहली बैठक जनवरी, 1992 में हुई ।

अनुसूचित जाति/जनजाति

विभाग में अनुसूचित जाति/जनजाति के उम्मीदवारों के लिए नियुक्तियों/पदोन्नतियों में आरक्षण कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के

आदेशों में दिए गए सम्बद्ध प्रावधानों के अनुसार सख्ती से लागू किया जाता है ।

क्षेत्रीय कार्यालयों के सम्पर्क अधिकारियों तथा मंत्रालय के संपर्क अधिकारी द्वारा आरक्षण समाप्त करने से संबंधित सभी प्रस्तावों की छानबीन इस बात पर यथोचित ध्यान देते हुए की जाती है कि संबंधित सरकारी आदेशों का पूरी तरह पालन हो । प्रशासनिक शाखाओं/कार्यालयों द्वारा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के कर्मचारियों की शिकायतों को तत्काल दूर करने के लिए वरीयता दी जाती है । समीक्षाधीन अवधि के दौरान 67 अभ्यावेदन/व्यक्तिगत शिकायतें प्राप्त हुई तथा इनमें से 57 मामलों का निपटान कर दिया गया।

आंतरिक कार्य-अध्ययन

"स्पीड पोस्ट" में एस. आर. एम., ए.एस.पी./ए.एस. आर. एम. /इंस्पेक्टरों, एल. एस. जी. सुपरवाइज़रों और डाकियों के पद मंजूर/सृजित करने के लिए मानदण्ड बनाने का अध्ययन कार्य पूरा किया गया और रिपोर्ट प्रस्तुत की गई ।

— मेल मोटर यूनिटों में लिपिकीय स्टाफ की मंजूरी से संबंधित मानदण्ड तैयार करने का अध्ययन पूरा किया गया।

— एस.सी.टी. सेल, सी डब्ल्यू (पी) अनुभाग, डी.सी. अनुभाग, इंस्पेक्शन तथा ओ एंड एम अनुभाग का कार्य अध्ययन किया गया ।

— डाक लेखा कार्यालय के मनीआर्डर अनुभागों में डेबिट चेकर्स/सार्टरों के मानदण्डों अर्थात् उत्पादकता दर की पुनरीक्षा का कार्य अध्ययन पूरा कर रिपोर्ट प्रस्तुत की गई ।

— डाकघरों में राष्ट्रीय बचत पत्रों को निपटाने से संबंधित मानदण्डों के पुनरीक्षण का कार्य अध्ययन किया गया।

— निदेशालय के जाँच अनुभाग, सी.आर. अनुभाग तथा पी.एफ. अनुभाग का कार्य अध्ययन किया गया ।

— निदेशक, डाक लेखा, मद्रास के कार्यालय में डाटा प्रोसेसिंग सहायकों की आवश्यकता का कार्य अध्ययन ।

उत्कृष्ट कार्य को मान्यता

विभाग उन कर्मचारियों को मेघदूत पुरस्कारों से सम्मानित कर, यथोचित मान्यता प्रदान करता है जिनकी सेवाएं सराहनीय होती हैं ।

विभाग के निम्नलिखित कर्मचारियों को उनकी उत्कृष्ट और सराहनीय सेवाओं के लिए "मेघदूत" पुरस्कार प्रदान किए :

1. श्री मोहन लाल, अतिरिक्त विभागीय रनर, पंजाब
2. श्री कृष्ण लाल -II, इन्स्पेक्टर, रेल डाक सेवा, पंजाब
3. श्री यू.ए. पठान, ड्राइवर, गुजरात
4. श्रीमती गंधर्ववती, डाक सहायक , हिमाचल प्रदेश
5. श्रीमती किरण गर्ग, डाक सहायक, दिल्ली ।

कर्मचारी कल्याण

डाक सेवा कर्मचारी कल्याण बोर्ड संचार मंत्री की अध्यक्षता में कार्य करता रहा । बोर्ड का उद्देश्य इस विभाग के कर्मचारियों की सुख-सुविधाओं एवं कल्याण, खेल-कूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहित, विकसित करना, उनका आयोजन तथा उन पर नियंत्रण रखना है । इस प्रयोजन के लिए बोर्ड को सरकार से सहायता अनुदान मिलता है । इसके अतिरिक्त स्टाफ द्वारा स्वैच्छिक अंशदान अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा खेल-कूद और सांस्कृतिक गतिविधियों द्वारा भी धन एकत्र किया जाता है ।

